Sl.No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 3

SS–13–Hist. (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2016

इतिहास

(HISTORY)

समय : 4¼ **घण्टे**

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5)

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1-9	1	10 शब्द
10 -17	2	20 शब्द
18-27	4	60 शब्द
28-30	5	130 शब्द

6) प्रश्न क्रमांक 28 से 30 में आंतरिक विकल्प हैं।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

1) प्राचीन भारत में कुल कितने महाजनपद थे? [1]

2) किस वंश के शासकों ने अपने नाम से पूर्व अपनी माता का नाम चिन्हित किया था? [1]

3) कौनसा शासक मुगल बादशाहों में महान था? [1]

4) किताब – उल – हिन्द किसनें लिखी? [1]

5) इस्तमरारी बन्दोबस्त कब और कहाँ लागू किया? [1]

6) 1857 के विद्रोह के समय मुगल बादशाह कौन था? [1]

7) भारत में सर्वप्रथम जनगणना कब प्रारम्भ की? [1]

8) महात्मा गांधी का पूरा नाम क्या था? [1]

9) भारतीय संविधान के ''उद्देश्य प्रस्ताव'' किसने पेश किए? [1]

10) हड़प्पा कालीन लिपि की कोई दो विशेषताएँ बताइए? [1+1=2]

11) कृषि इतिहास लिखने के लिए आइन को स्रोत के रूप में इस्तेमाल करनें में कोई दो समस्याएँ बताइए। [1+1=2]

12) विजयनगर के शासक कृष्ण देव राय की संक्षिप्त में उपलब्धियाँ लिखिए। [2]

13) आपके विचार में महानवमी डिब्बा से संबद्ध अनुष्ठानों का क्या महत्व था? [2]

14) अलवार व नयनार संतों का जाति के प्रति दृष्टिकोण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [2]

15) संथालों ने ब्रिटिश शासन के विरूद्ध विद्रोह क्यों किया? [2]

16) जमींदार लोग अपनी जमींदारियों पर किस प्रकार नियंत्रण बनाए रखते थे? [2]

17) 1940 के प्रस्ताव के जरिए मुस्लिम लीग ने क्या माँग की? [2]

18) हड़प्पा सभ्यता का अंत कैसे हुआ? कोई दो कारण लिखिए। [2+2=4]

19) मगध साम्राज्य के उत्कर्ष के कोई चार लिखिए? [1+1+1+1=4]

20) क्या आरंभिक राज्यों में शासक निश्चित रूप से क्षत्रिय ही होते थे? उल्लेख कीजिए। [4]

21) कृषि उत्पादन में महिलाओं की भूमिका का विवरण दीजिए। [4]

22) मुगल दरबार में पांडुलिपि कैसे तैयार की जाती थी? उल्लेख कीजिए। [4]

23) शासक सूफी संतों से संपर्क क्यों रखना चाहते थे? कारण बताइये। [4]

24) 1857 के विद्रोह में सैनिक कारणों का उल्लेख कीजिए। [4]

25) ''व्हाइट'' और ''ब्लैक'' टाउन शब्दों का क्या महत्व था? [4]

26) भारत विभाजन के कोई दो कारणों का उल्लेख कीजिए। [2+2=4]

27) भारतीय संविधान में उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शो पर जोर दिया गया था? [4]

28) स्तूप क्यों और कैसे बनाए जाते थे? स्पष्ट कीजिए। [3+2=5]

अथवा

महात्मा बुद्ध के जीवन परिचय देते हुए उनकी शिक्षाओं का उल्लेख कीजिए। [2+3=5]

29) इब्न बतूता द्वारा दास प्रथा के संबंध में दिए गए साक्ष्यों का विवेचन कीजिए। [5]

अथवा

सती प्रथा के कौन से तत्वों ने बर्नियर का ध्यान अपनी ओर खींचा? [5]

30) असहयोग आन्दोलन एक तरह का प्रतिरोध कैसे था? इनके कारणों का विश्लेषण कीजिए। [5]

अथवा

भारत छोड़ो आन्दोलन के महत्व को स्पष्ट कीजिए। [5]

////

DO NOT WRITE ANYTHING HERE